**Subject – Hindi** **Lesson –9 प्रकृति का उपहार मलेशिया** **class – 6th**

# अभ्यास

कक्षा में स्मार्ट बोर्ड पर कॉरडोवा स्मार्ट क्लास सॉफ्टवेयर के माध्यम से इस पाठ का अभ्यास-कार्य कराएँ।

## पाठ से

### मौखिक

सोचिए और बताइए–

(क) क्या आप डायरी लिखते हैं? इसके क्या लाभ हैं?

(ख) मयंक की डायरी पढ़कर क्या आप मलेशिया जाना चाहेंगे? कारण सहित बताइए।

(ग) पेनांग के बारे में विस्तार से बताइए।

### लिखित

1. संकेत गद्यांश को पाठ में ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

**संकेत–** सप्ताहभर बेसब्री ........................................................ कोई गलत नहीं है। (पृष्ठ–60)

(क) मलेशिया की राजधानी का क्या नाम है?

(ख) मलेशिया में क्या कहकर अभिवादन करते हैं?

(ग) 'मलय' शब्द का अर्थ किससे जुड़ा है?

2. अति लघु उत्तर लिखिए–

(क) भगवान मुरुगन की प्रतिमा की ऊँचाई कितनी है?

(ख) दुनिया का सबसे बड़ा फूल कौन-सा है?

(ग) इस्ताना निगारा क्या है?

3. लघु उत्तर लिखिए–

(क) पेट्रोनिस ट्विन टॉवर की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) मयंक ने 24 मई को किस-किस विषय में जानकारी प्राप्त की?

(ग) मरियाम्मन मंदिर क्यों प्रसिद्ध है?



o

4. दीर्घ उत्तर लिखिए–

(क) पाठ के आधार पर मलेशिया की यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ख) मलेशिया की कौन-सी बात आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?

## पाठ से आगे

**आपकी सोच-समझ**

(क) किसी देश की यात्रा पर जाने से पहले क्या-क्या तैयारियाँ करनी पड़ती हैं?

(ख) पाठ के आधार पर बताइए कि अलग-अलग शहरों या देशों का भ्रमण करने से क्या लाभ होता है?

## भाषा ज्ञान — अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, मुहावरे

1. मांस खाने वाला अर्थात मांसाहारी। यहाँ **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द** का प्रयोग हुआ है।

अब आप वाक्यांशों के आधार पर उचित शब्द में ✓ निशान लगाइए–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **देशभर में भ्रमण करना** | – | ऐतिहासिक | ☐ | देशाटन | ☐ | नागरिक | ☐ |
| **जिसकी उपमा न हो** | – | सरुपम | ☐ | निरुपम | ☐ | अनुपम | ☐ |
| **मार्ग दिखाने वाला** | – | मार्गदर्शक | ☐ | मानचित्र | ☐ | कृतज्ञ | ☐ |
| **सब कुछ जानने वाला** | – | अपरिचित | ☐ | जिज्ञासु | ☐ | सर्वज्ञ | ☐ |
| **इमारत बनाने वाला कारीगर** | – | वकील | ☐ | वास्तुकार | ☐ | दस्तकार | ☐ |

2. आप जान चुके हैं कि किसी शब्द से पहले जुड़कर उसके अर्थ में बदलाव लाने वाले शब्दांशों को **उपसर्ग** कहते हैं; जैसे– अव (उपसर्ग) + गुण (मूल शब्द) = अवगुण (नया शब्द)

नीचे दिए उदाहरण के अनुसार उचित उपसर्ग छाँटकर मूल शब्दों में जोड़िए और नए शब्द बनाकर लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष | – | **विशेष** | मूल्य | – | ........ |
| हार | – | ........ | सिद्ध | – | ........ |
| कामना | – | ........ | भव | – | ........ |
| वादन | – | ........ | धारित | – | ........ |

शुभ अभि (वि) प्र बहु उप निर् अनु

3. जो शब्दांश शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में बदलाव लाते हैं, उन्हें **प्रत्यय** कहते हैं; जैसे–

नमक (मूल शब्द) + ईन (प्रत्यय) = नमकीन (नया शब्द)

अब आप दिए गए शब्दों में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए–

| शब्द | | मूल शब्द | | प्रत्यय | शब्द | | मूल शब्द | | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खूबसूरती | – | **खूबसूरत** | + | **ई** | हवाई | – | ........ | + | ........ |
| थकान | – | ........ | + | ........ | गरमी | – | ........ | + | ........ |
| संस्कृति | – | ........ | + | ........ | एकत्रित | – | ........ | + | ........ |

Scanned by TapScanner

❑ पाठ से

**मौखिक**

**सोचिए और बताइए–**

(क) इस प्रश्न का उत्तर बच्चे स्वयं देंगे।

(ख) हाँ! हम मलेशिया जाना चाहेंगे क्योंकि यह एक खूबसूरत देश है।

(ग) पेनांग एक शहर है जो हिंदू व बौद्ध मंदिरों तथा मसजिदों के लिए जाना जाता है थाई शैली में चायामंगकालारम नामक बौद्ध मंदिर में लेटे हुए महात्मा बुद्ध की प्रतिमा है जो संसार की तीसरी सबसे लंबी प्रतिमा है।

**लिखित**

**1. संकेत गद्यांश को पाठ में ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) मलेशिया की राजधानी का नाम कुआलालंपुर है।

(ख) मलेशिया में 'सुहलामत' कहकर अभिवादन करते हैं।

(ग) 'मलय' शब्द का संस्कृत में अर्थ प्रकृति से ही जुड़ा है।

**2. अति लघु उत्तर लिखिए–**

(क) भगवान मुरुगम की प्रतिमा की ऊँचाई 104 फुट ऊँची है।

(ख) दुनिया का सबसे बड़ा फूल 'रैफ़्लेसिया' है जो मलेशिया के 'सबाह' में ही होता है।

(ग) इस्ताना निगारा मलेशिया के राजा के रहने का स्थान है।

**3. लघु उत्तर लिखिए–**

(क) पेट्रोनिस ट्विन टॉवर 88 मंज़िला इमारत में दुनिया की सबसे ऊँची जुड़वाँ



Scanned by TapScanner

o

मीनारें हैं। स्टील से बनी दोनों इमारतों को जोड़ने के लिए इसकी 41 वीं मंज़िल पर पुल बनाया गया है।

(ख) मयंक ने 24 मई को मलेशिया के मीनारा कुआलालंपुर शहर केटीएम कॉम्प्यूटर ट्रेन, केएल सेंट्रल से भगवान मुरुगम, बटु गुफाएँ तथा मलेशियाई व्यंजनों का स्वाद चखा और जानकारी प्राप्त की।

(ग) मरियाम्मन मंदिर में हिंदू देवी-देवताओं की कई प्रतिमाएँ हैं। इनमें सोने, चाँदी, हीरों से जड़ी भगवान सुब्रह्मण्यम की भी विशाल प्रतिमा है जिसे थाइपुसम त्योहार के दौरान रथ में बैठाकर यात्रा निकाली जाती है।

**4. दीर्घ उत्तर लिखिए–**

(क) मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर तक हवाई जहाज़ की यात्रा तथा मलेशिया की प्रकृति के खूबसूरत दृश्यों का आनंद लिया। जैसे सर्वप्रथम पेट्रोनिस ट्विन टावर जो कि स्टील की बनी 88 मंज़िला इमारत देखी इसके बाद मीनारा कुआलालंपुर से पूरे मलेशिया का नज़ारा देखा तथा वहाँ के व्यंजनों का स्वाद लिया। अगले दिन भगवान मुरुगन के दर्शन किए और दुनिया का सबसे बड़ा फूल देखा। उसके बाद चिड़ियाघर की सैर की व एक्वेरियम में समुद्री जीवों को नज़दीक से देखा। सेंट्रल मार्केट से हस्तशिल्प के सामानों की खरीदारी की। तीसरे दिन कैमरून डाइलैड्स गए जहाँ चाय के बागान हैं। फिर पेनांग शहर गए जहाँ हिंदू व बौद्ध मंदिरों के साथ-साथ मसजिद की खूबसूरती का नज़ारा देखा। अंत में मलेशिया के राजा का इस्ताना निगारा महल देखा।

(ख) मलेशिया का पेट्रोनिस ट्विन टावर और मीनारा कुआलालंपुर मुझे पंसद आए क्योंकि यह आधुनिक तकनीकी विज्ञान का एक नायाब नमूना हैं। इनकी ऊँचाई तो आकर्षित करती ही है साथ ही साथ यहाँ से पूरे देश के दर्शन भी हो जाते हैं। (इस प्रश्न का उत्तर बच्चे अपनी पसंद के आधार पर देंगे।)

## ❑ पाठ से आगे

**(पाठ से आगे के प्रश्नों को अध्यापक/अध्यापिका इच्छानुसार लिखित या मौखिक रूप में करा सकते हैं।)**

## आपकी सोच-समझ

(क) किसी देश की यात्रा पर जाने से पहले कई तरह की तैयारियाँ करनी पड़ती

Scanned by TapScanner